# बिहार विधान-सभा वाद्वृत्त

(भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर।)

शुक्रवार, तिथि 1 जुलाई, 1983।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ। |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर सं० 39, 40 .. .. .. | 1—5 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर सं० 78, 1134, 1135, 1136, 1137, 1138, 1139, 1141 एवं 1142 | 6—22 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) .. .. .. | 23—60 |
| दैनिक निबंध .. .. .. .. | 61 |


टिप्पणी—*किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है।

श्री झा का स्थानांतरण।

1206. श्री सुरेन्द्र यादव—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत कमला नहर प्रमंडल, जयनगर के अधीन अरेर अवर-प्रमंडल में श्री गणेश झा, सहायक अभियंता चार वर्षों से कार्य कोटि में पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार तीन वर्ष में ही एक स्थान पर पदस्थापित रहने का प्रावधान है, यदि हां, तो सरकार कबतक श्री झा का स्थानांतरण करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

डा० उमेश्वर प्रसाद वर्मा—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) श्री गणेश झा, सहायक अभियंता निलम्बित हो चुके हैं और इनके स्थान पर दूसरे सहायक अभियंता का पदस्थापन हो चुका है।

पुल का निर्माण।

1207. श्री सरयू मिश्र—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड में अररिया शाखा नहर की विन्दु दूरी 81-82 पर डोरिया सोनपुर के पास पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन अवरुद्ध रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि संबंधित विन्दु दूरी पर पुल के निर्माण का निर्णय संबंधित विभाग द्वारा ली गयी है पर निर्माण कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में उक्त पुल का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है ?

डा० उमेश्वर प्रसाद वर्मा—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) प्रश्नाधीन पुल के निर्माण का निर्णय लेकर दिनांक 13 जून 1983 को निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

पुल निर्माण कार्य प्रगति में है जिसे वर्ष 1983-84 में पूरा कर लिये जाने का लक्ष्य है।